"जनता की आवाज, सच का आईना"

श्री डूंगरगढ़ टाइम्स

9414917401 ♦ मंगलवार ♦ 03 नवम्बर, 2026 ♦ Email : sridungargartimes@gmail.com ♦ अंक - 904

पंचायती राज आम चुनाव - तीसरे चरण के मतदान के लिए रवाना हुए मतदान दल, लूणकरणसर, श्रीडूंगरगढ़ और रीडी में तीसरे चरण में होंगे चुनाव

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स

3 नवंबर 2026। पंचायती राज आम चुनाव 2026 के तीसरे चरण के तहत होने वाले मतदान के लिए मतदान दलों की रवानगी राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर से सोमवार को हुई। मतदान दलों को प्रशिक्षण देने के बाद निर्धारित वाहनों से संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी निशान्त जैन एवं पर्यवेक्षक नवनीत कुमार मौजूद रहे।जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दलों के कार्मिकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनना गर्व का विषय है। सभी कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण गंभीरता, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ करें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक मतदाता स्वतंत्र एवं भयमुक्त वातावरण में अपने मताधिकार का उपयोग कर सके। उन्होंने पांच दिनों की पूरी प्रक्रिया के बारे में बताया और कहा कि निर्वाचन से जुड़ी प्रत्येक प्रक्रिया को समयबद्ध करवाना सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी उम्मेद सिंह, बीकानेर विकास प्राधिकरण सचिव हेमेन्द्र नागर, प्रशिक्षु आईएएस मनु गर्ग, तृतीय चरण की तीनों पंचायत समितियों के रिटर्निंग अधिकारी दयानंद रूयल, झंवर मित्तल और श्रीमती दमयंती कंवर तथा प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के अधिकारी उपस्थित रहे।



तीसरे चरण का यह रहेगा कार्यक्रम

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। तृतीय चरण में लूण करणसर, श्रीडूंगरगढ़ और रीडी पंचायत समिति क्षेत्रों की 112 ग्राम पंचायतों में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होगी। इसके लिए कुल 402 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति की 33 ग्राम पंचायतों में 123, रीडी की 31 ग्राम पंचायतों में 104 तथा लूणकरणसर की 48 ग्राम पंचायतों में 175 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान दलों में पीठासीन अधिकारी सहित प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ मतदान अधि कारी नियुक्त किए गए हैं। वहीं प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए एक रिटर्निंग अधिकारी भी बनाया गया है। जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए 3 नवंबर को प्रातः 7 से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। वहीं पंच एवं सरपंच पदों के लिए 4 नवंबर को नामांकन प्रक्रिया तथा 5 नवंबर को प्रातः 7 से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान समाप्ति के तुरंत बाद संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मतगणना की जाएगी। इसके बाद 6 नवंबर को उपसरपंच का चुनाव होगा।



अति संवेदनशील पंचायत रिड़ी में चुनाव को लेकर भिड़े, सरपंच प्रत्याशी सहित 7 नामजद सहित 30-40 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 3 नवंबर 2026। अतिसंवेदनशील ग्राम पंचायत रीड़ी में सरपंच चुनाव को लेकर दो गुटों में विवाद हो गया। एक कैंपर गाड़ी में तोड़फोड करने व गांव में भय का माहौल बनाने के आरोप में सात नामजद सहित 30-40 अन्यों के खिलाफ श्रीडूंगरगढ़ थाने में मामला दर्ज हुआ है। रीड़ी निवासी 31 वर्षीय मदनलाल पुत्र भादरनाथ सिद्ध ने मामला दर्ज करवाते हुए पुलिस को बताया कि रविवार रात 11.30 से 11.45 बजे उसकी कैंपर गाड़ी शनि महाराज के मंदिर के पास खड़ी थी। वह सरपंच प्रत्याशी किशननाथ सिद्ध के कार्यालय के सामने खड़ा था। तभी सरपंच प्रत्याशी व निर्वतमान सरपंच हेतराम जाखड़ के घर की और से पांच छह गाड़ियां आई और शनि मंदिर के पास खड़ी उसकी गाड़ी के पास अपनी गाड़ियां रोककर तोड़फोड़ करनी शुरू कर दी। यहां मुखराम पुत्र मोहनराम जाट, रामनिवास पुत्र संतराम, गणपतराम, हेतराम पुत्र मोहनराम, देबूराम पुत्र चुनाराम, भंवरलाल व बुद्धाराम पुत्रगण ईमरताराम जाट सहित अन्य 30-40 जनो ने परिवादी की कैंपर गाड़ी लाठी पत्थरों से तोड़फोड़ कर डाली। जब परिवादी ने टोका तो आरोपी उसे गंदी गंदी गालियां निकालने लगे। यहां मोहल्ले के काफी लोग आ गए और आरोपियों ने आईदा मारने की धमकी देते हुए चुनाव से पहले पहले सबक सीखा देने की बात कही। परिवादी ने कहा कि यदि मोहल्लेवासी नहीं आते तो आरोपी उसे मार डालते और उसकी गाड़ी जला देते। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच हैड कांस्टेबल लेखराम के सुपुर्द कर दी है।

मोमासर बास में पालिका की बड़ी कार्रवाई, 780 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स

3 नवंबर 2026। दीपोत्सव से पहले स्वच्छ भारत मिशन के तहत श्रीडूंगरगढ़ नगरपालिका ने सिंगल यूज प्लास्टिक के अवैध भंडारण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मोमासर बास स्थित एक मकान से करीब 780 किलोग्राम पॉलिथीन जब्त की है। नगरपालिका की इस कार्रवाई से प्लास्टिक का अवैध भंडारण करने वालों में हड़कंप मच गया। नगरपालिका को सूचना मिली थी कि मोमासर बास निवासी रमजान द्वारा अपने घर पर अवैध रूप से सिंगल यूज प्लास्टिक का भंडारण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर अधिशाषी अधिकारी के निर्देशा नुसार सफाई निरीक्षक कमल चांवरिया एवं पालिका कर्मचारियों की टीम ने संबंधित स्थान पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बड़ी मात्रा में पॉलिथीन का भंडारण पाया गया। टीम ने मौके से करीब 780 किलोग्राम पॉलिथीन जब्त कर नगरपालिका स्टोर में रखवाई।

आगे भी जारी रहेगा अभियान

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी अभिषेक गहलोत ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत पालिका क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग एवं भंडारण के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाया जाएगा। प्रतिबंधित प्लास्टि क का उपयोग करने वालों के खिलाफ इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। नगरपालिका ने स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और प्लास्टिक प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए आमजन से भी सहयोग की अपील की है।

65 वर्षीय बुजुर्ग 15 अक्टूबर से लापता, परिजनों ने मदद की अपील की

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 3 नवंबर 2026। कस्बे के आड़सर बास निवासी एक 65 वर्षीय बुजुर्ग गत 15 अक्टूबर से लापता है और परेशान परिजनों ने पुलिस सहित क्षेत्रवासियों से मदद की अपील की है। मुकेश पुत्र विनोद कुमार बोथरा ने श्रीडूंगरगढ़ थाने में जानकारी देते हुए बताया कि 15 अक्टूबर को उसके 65 वर्षीय बड़े पापा संपत लाल बोथरा पुत्र दीपचंद बोथरा घर से निकल गए और अब तक लौटे नहीं है। परिजनों ने बताया कि बुजुर्ग की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वे पहले भी कई बार घर से गए है परंतु कुछ दिन में लौट आते परंतु इस बार 17 दिन बीत जाने पर भी नहीं लौटकर आए है। परिजन उनकी सुरक्षा को लेकर चिंतित है। परिजनों ने क्षेत्रवासियों से भी मदद की अपील करते हुए संपतलाल बोथरा के बारे में कोई जानकारी होने पर 7877005123, 9898790222 सूचना देने का आग्रह किया है।



रेल यात्रियों के लिए खास खबर- यात्रियों की सुविधा के लिए डिब्बों की अस्थाई बढोतरी की, 2 जोडी ट्रेनों में बढाए डिब्बे

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 3 नवंबर 2026। बढ़ रहे अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए 2 जोडी रेलसेवाओं में डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि गाडी संख्या 22471/22472, लालगढ- दिल्ली सराय- लालगढ एक्सप्रेस रेलसेवा लालगढ से दिनांक 10.11.26 से 30.11.26 तक एवं दिल्ली सराय से दिनांक 12.11.26 से 02.11.26 तक 01 साधारण श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। वहीं गाड़ी संख्या 20473/20474, दिल्ली सराय- उदयपुर सिटी- दिल्ली सराय रेलसेवा में दिल्ली सराय से दिनांक 10.11.26 से 30.11.26 तक तथा उदयपुर सिटी से दिनांक 11.11.26 से 01.12.26 तक 01 साधारण श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है।





घुमचक्कर पर लगा लंबा जाम, यातायात व्यवस्था सुधारने की उठी मांग







श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 3 नवंबर 2026। श्रीडूंगरगढ़ के घुमचक्कर पर सोमवार शाम करीब 4.30 बजे यातायात व्यवस्था बिगड़ने से चारों ओर की सड़कों पर लंबा जाम लग गया। यहां जाम की स्थिति से वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। व्यस्त मार्गों पर वाहनों की कतारें लगने से आवागमन प्रभावित हुआ। त्योहारी सीजन में बाजारों में बढ़ती आवाजाही के बीच घुमचक्कर पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में यातायात व्यवस्था सुचारू नहीं होने से आमजन की परेशानी भी बढ़ रही है। क्षेत्र के प्रबुद्धजन लगातार घुमचक्कर पर यातायात पुलिस की प्रभावी व्यवस्था करने की मांग उठा रहे हैं, ताकि शहर में आवागमन व्यवस्थित हो सके।

स्थायी समाधान की दरकार।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। घुमचक्कर पर बार-बार जाम लगने की स्थिति को देखते हुए आमजन ने जिम्मेदार अधिकारियों से यातायात व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि त्योहारी सीजन में विशेष यातायात व्यवस्था लागू कर जाम की समस्या से राहत दिलाई जाए, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को अना वश्यक परेशानी नहीं झेलनी पड़े।

भारती निकेतन में विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं वोटर आईडी बनाने की दी जानकारी



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 3 नवंबर 2026। उपखंड निर्वाचन शाखा श्रीडूंगरगढ़ के निर्देशानुसार भारती निकेतन महाविद्यालय एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता हेल्प डेस्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा वोटर आईडी कार्ड बनवाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बीएलओ जैसाराम भादू, ओमप्रकाश गोदारा, जितेंद्र भोजक एवं छगनलाल ने विद्यार्थियों को निर्वाचन संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आनंद नारायण पुरोहित, कोऑर्डिनेटर डॉ. रमेश कुमार भोजक, महाविद्यालय ईएलसी प्रभारी सहायक आचार्य कुलदीप शर्मा, गिरधारीलाल गोदारा तथा विद्यालय ईएलसी प्रभारी सांवरमल शर्मा उपस्थित रहे।

पंचायती राज चुनाव व दीपोत्सव पर श्रीडूंगरगढ़ मंडी में कल से 10 तक अवकाश, केवल धनतेरस को होगी बोली

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 3 नवंबर 2026। किसानों व व्यापारियों के लिए एक खास खबर श्रीडूंगरगढ़ अनाज मंडी से आई है। मंडी में मंगलवार 3 नवंबर से 10 नवबंर तक अवकाश रहेगा। वहीं बीच में एक दिन धनतेरस को मंडी खुलेगी और बोली लगेगी। मंडी व्यापार मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश भादू ने बताया कि कल जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्य चुनाव के लिए मतदान, उसके बाद सरपंच चुनाव के लिए 4 व 5 नवंबर का अवकाश रखा गया है। 6 नवंबर धनतेरस को किसानों के लिए मंडी खुली रहेगी। उसके बाद 7, 8, 9 नवंबर को दीपोत्सव का अवकाश होगा। आगामी 10 नवंबर से मंडी सुचारू रूप से संचालित होगी। मंडल सदस्यों ने सभी किसानों व ग्रामीणों से मतदान की अपील करते हुए शत प्रतिशत मतदान करने की बात कही। वहीं सभी किसानों को दीपोत्सव की शुभकामनाएं भी दी है।



पीएम श्री ताल मैदान विद्यालय में किशोरी मेले का आयोजन



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 3 नवंबर 2026। पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ताल मैदान में किशोरियों के सर्वांगीण विकास एवं बालिका सशक्तिकरण के उद्देश्य से किशोरी मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। प्राचार्य नाजिमा अजीज एवं उप प्राचार्य सोमेंद्र बेस ने कहा कि ऐसे आयोजन बालिकाओं में आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने बालिकाओं से शिक्षा के साथ अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता पुष्पा शर्मा ने मेले की गतिविधियों एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर उप प्राचार्य ममता गोयल, कविता जानू, दीपा शर्मा, ज्योति, तोलाराम, राज वीरेंद्र सिंह, मुरली सैनी सहित विद्यालय स्टाफ एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।

श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र का 19 वर्षीय युवक 60 लाख के जाली नोटों के साथ पकड़ा गया





श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 3 नवंबर 2026। रेलवे पुलिस और सुरक्षा बल की एक संयुक्त टीम ने सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के गांव कल्याणसर निवासी 19 वर्षीय शिवरतन महिया को 60 लाख रुपये के जाली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक जयपुर से 60 लाख रुपये के जाली नोट लेकर हैदराबाद के रास्ते मुंबई ले जाने की फिराक में था। जांच में यह खुलासा हुआ कि 28 अक्टूबर को जयपुर स्टेशन पर ओमप्रकाश ने शिवरतन को जाली नोटों से भरा बैग सौंपा था और उसे पहले हैदराबाद तथा बाद में मुंबई जाने के निर्देश दिए थे। शिवरतन मैसूर जाने वाली ट्रेन से काचेगुड़ा पहुंचा और वहां एक धर्मशाला में रात बिताई। अगले दिन बाढ़ के कारण कोणार्क एक्सप्रेस रद्द हो जाने के कारण, ओमप्रकाश ने उसे सिकंदराबाद से मुंबई जाने वाली ट्रेन पकड़ने को कहा। जैसे ही वह ट्रेन में बैठा, उसके महज दस मिनट बाद ही संयुक्त टीम ने उसे धर दबोच लिया। मामले की जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नोटों में ऊपर नीचे असली नोट व बीच में सफेद नोट के आकार सफेद कागज दबे थे। आरोपी ने जिस ओमप्रकाश द्वारा नोट दिए जाने की बात कही यह युवक भी क्षेत्र के गांव जैतासर का युवक ओमप्रकाश नैन है। विदित रहें गत दिनों श्रीडूंगरगढ़ पुलिस ने भी बड़ी रकम ऐसे ही नोटो की पकड़ी। लगातार क्षेत्र के युवकों की संलिप्तता नकली नोटों के गम्भीर मामलों में सामने आ रही है







ग्रामीण महिला उद्यमियों को उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए मिलेगा राष्ट्रीय मंच वीबी-जी राम जी की प्रगति पर भी विचार-विमर्श

जयपुर। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने के प्रयासों के क्रम में मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन में केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री रोहित कंसल से मुलाकात की। बैठक में जयपुर में दिसंबर 2026 में राष्ट्रीय सरस मेले के आयोजन तथा वीबी-जी राम जी की प्रगति पर चर्चा हुई। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) द्वारा राष्ट्रीय सरस मेला 2026-27 का आयोजन 25 दिसंबर 2026 से 11 जनवरी 2027 तक जयपुर में प्रस्तावित है। इस 18 दिवसीय मेले का आयोजन जवाहर कला केंद्र के दक्षिणी परिसर, शिल्पग्राम एवं इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान परिसर में करने की तैयारी है। मेले के आयोजन के लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। मेले में राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों के प्रदर्शन एवं बिक्री के लिए लगभग 750 से 800 स्टॉल प्रस्तावित हैं। इसके साथ ही खानपान के लगभग 50 स्टॉल, हस्तशिल्प निर्माण का सजीव प्रदर्शन, कार्यशालाएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तावित हैं। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देना, पारंपरिक हस्तशिल्प एवं लोक कलाओं को मंच उपलब्ध कराना तथा महिला उद्यमियों के लिए स्थायी बाजार संपर्क विकसित करना है। इसके लिए मेले के दौरान क्रेता-विक्रेता सम्मेलनों का आयोजन भी प्रस्तावित है। राजसखी ब्रांड के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को डिजिटल बाजार से जोड़ने के अवसर भी उपलब्ध होंगे। बैठक में विकसित भारतङ्गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण), अर्थात वीबीङ्गजी राम जी की प्रगति पर भी विचार-विमर्श किया गया।



अब कार जैसी इंजन वारंटी मोटरसाइकिल में, बालाजी मोटर्स का दीपावली पर महाऑफर, 500 का पेट्रोल और आकर्षक उपहारों के साथ बीकानेर की दरों पर श्रीडूंगरगढ़ में बाइक खरीदने का मौका










श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 3 नवंबर 2026। दीपावली के त्योहारी सीजन में मोटर साइकिल खरीदने की योजना बना रहे ग्राहकों के लिए बालाजी बजाज मोटर्स लेकर आया है विशेष महा ऑफर। सेसोमूं स्कूल के सामने, एनएच-11 बीकानेर रोड स्थित प्रतिष्ठान पर ग्राहकों को बजाज की नई मोटरसाइकिलें बीकानेर की दरों पर खरीदने का अवसर मिल रहा है। खास बात यह है कि नई बाइक पर 10 साल या 1,25,000 किलोमीटर तक की इंजन वारंटी का दावा किया जा रहा है, जो ग्राहकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। बालाजी बजाज मोटर्स के प्रबंधक विक्रम स्वामी ने बताया कि दीपावली ऑफर के तहत प्रत्येक मोटरसाइकिल की खरीद पर ?500 का पेट्रोल निःशुल्क दिया जाएगा। इसके साथ ही ग्राहकों को हेलमेट, सीट कवर, हैंड ग्लव्स, जैकेट और साइड बैग सहित कई उपयोगी उपहार भी दिए जा रहे हैं। प्रतिष्ठान की ओर से ग्राहकों को बजाज की नई तकनीक और आधुनिक फीचर्स वाली मोटरसाइकिलें उपलब्ध करवाई जा रही हैं। नई प्लेटिना और पल्सर में आधुनिक फीचर्स। नई प्लेटिना 100 सीसी में ट्यूबलेस टायर और डायमंड कट अलॉय रिम जैसे फीचर्स उपलब्ध हैं। वहीं पल्सर 125 में 5 इंच की एलसीडी एवं टीएफटी स्क्रीन, पहली बार नेविगेशन सुविधा, मोनोशॉक शॉकर, बड़ी टंकी और वुल्फ एलईडी लाइट जैसे आकर्षक फीचर्स दिए गए हैं। मात्र ?9,999 डाउन पेमेंट पर बाइक। विक्रम स्वामी ने बताया कि ग्राहकों के लिए आसान वित्त सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। मात्र ?9,999 के डाउन पेमेंट पर मोटरसाइकिल खरीदने का विकल्प दिया जा रहा है। कम कागजी कार्रवाई, न्यूनतम फाइल चार्ज, आसान किश्तों और 10 मिनट में लोन सुविधा का दावा किया गया है। आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैंक खाते की जानकारी के आधार पर ऋण सुविधा प्राप्त की जा सकती है। बालाजी मोटर्स की ओर से त्योहारी सीजन में ग्राहकों को विशेष ऑफरका अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की गई है। मोटरसाइकिलों की खरीद एवं ऑफर संबंधी अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7339967401 पर संपर्क किया जा सकता है।



'भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन एवं एक्सपो-2026' का शुभारंभ, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया उद्घाटन

नई दिल्ली/जयपुर,। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में 'भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन एवं एक्सपो-2026' का उद्घाटन किया। उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में 50 प्रतिशत से अधिक विद्युत क्षमता गैर जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों पर आधारित हो चुकी है, जो कि पेरिस समझौते के तहत निर्धारित लक्ष्य वर्ष 2030 से 5 वर्ष पहले वर्ष 2025 में ही हासिल कर लिया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर' की भावना के साथ भारत वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा सहयोग को आगे बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी की उपस्थिति में 50 से अधिक प्रमुख निवेशकों के साथ राउंड टेबल बैठक की। इस दौरान उन्होंने राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में व्यापक संभावनाओं एवं उपलब्ध अवसरों को रेखांकित किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने निवेशकों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित भी किया। राउंड टेबल बैठक में ब्रुकफील्ड, रिन्यू, आदित्य बिड़ला रिन्यूएबल्स, जिंदल समूह और अवाडा सहित अन्य प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। मुख्यमंत्री ने राजस्थान की स्टॉल्स का उद्घाटन और अवलोकन भी किया। इस दौरान ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर एवं मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास भी उपस्थित रहे।

'अक्षय ऊर्जा उत्पादन एवं सौर ऊर्जा क्षमता स्थापना में राजस्थान प्रथम'

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान देश में अक्षय ऊर्जा उत्पादन एवं सौर ऊर्जा क्षमता स्थापना के क्षेत्र में प्रथम स्थान पर है। राज्य सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक लगभग 125 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता विकसित करना है। इस दिशा में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, हाइब्रिड परियोजनाओं एवं ऊर्जा भंडारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति लागू की है। साथ ही, मेगा अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 'राइट टू यूज' नीति जारी की गई है। वहीं, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024 के तहत निवेशकों को विभिन्न प्रोत्साहन एवं सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

'प्लानिंग के साथ बढ़ाई जा रही ऊर्जा क्षमता'

उन्होंने कहा कि राजस्थान में 51 हजार मेगावाट से अधिक



अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित हो चुकी है, जिसमें सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता 45 हजार मेगावाट से अधिक है। राज्य में बड़े सौर पार्कों, रूफटॉप सोलर, पवन ऊर्जा, बायोमास एवं ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं का विस्तार किया जा रहा है। वहीं, सौर ऊर्जा के अतिरिक्त उत्पादन के उपयोग तथा पीक डिमांड के दौरान ग्रिड प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं के विकास की कार्ययोजना तैयार की गई है।

'निवेश करें, नवाचार करें, प्रेरित करें' थीम पर आयोजन

एक्सपो में प्रदेश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमताओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया गया। 'निवेश करें, नवाचार करें, प्रेरित करें' की थीम पर आयोजित हो रहे इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में राजस्थान सहित देश के 13 राज्यों एवं केन्द्र-शासित प्रदेशों द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं, निवेश के अवसरों और विनिर्माण क्षमताओं को प्रदर्शित किया जा रहा है।

130 से अधिक देशों और 400 से अधिक प्रदर्शकों की भागीदारी

उल्लेखनीय है कि 2 से 5 नवम्बर तक आयोजित हो रहे इस सम्मेलन 130 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। वहीं, 400 से अधिक प्रदर्शक सौर एवं पवन ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, ऊर्जा भंडारण और अन्य उभरते क्षेत्रों की अत्याधुनिक तकनीकों एवं स्वच्छ ऊर्जा समाधानों का प्रदर्शन कर रहे हैं। सम्मेलन का उद्देश्य स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक निवेश, औद्योगिक भागीदारी और तकनीकी साझेदारियों को प्रोत्साहित करना है।



शोक संदेश

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय

तुलछी देवी

(पत्नी स्व. किशनाराम सहू, पीटीआई)

निवासी कुंतासर का स्वर्गवास दिनांक 18 अक्टूबर 2026 वार रविवार को हो गया है। जिनका बाहरवां 29 अक्टूबर 2026 वार गुरुवार को है।

शोकाकुल : मनीराम-ज्यानी देवी जाखड़ (दामाद-बेटी), नितेश, गीता, रणजीत, निशा (दोहिता-दोहिती), सुगनाराम सहू (जेठ) सुखराम सहू (देवर), हड़मानाराम, बीरबलराम, रामकरण, मूलाराम, सीताराम (जेठ पुत्र), श्रवण, विनोद (देवर पुत्र), सुरेन्द्र, रामनिवास, मनोज, गोविन्द, सहीराम, पवन, पंकज, भावेश, मुकेश, कार्तिक (पौत्र)।

गांव कुंतासर, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर) मो.96728 03776

नौसेना के लिए 53,866 करोड़ रुपये में बनेंगे 8 नए युद्धपोत, राजनाथ बोले आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए अगली पीढ़ी के आठ कार्वेट बनाने के लिए गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जी आर एस ई) और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जी एस एल) के साथ 53,866.50 करोड़ रुपये के अनुबंध किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि कर्तव्य भवन-2 में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में इन अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे स्वदेशी जहाज निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बहुत अच्छी खबर बताते हुए कहा है कि यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम है। अनुबंध के तहत जी आर एस ई पांच युद्धपोतों का निर्माण करेगा, जबकि जी एस एल को तीन युद्धपोत बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। इस परियोजना की खास बात यह है कि पहली बार भारतीय नौसेना खुद इन युद्धपोतों का डिजाइन तैयार करेगी और प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के जरिए चुने गए रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम इनका निर्माण करेंगे। इन नए युद्धपोतों में आधुनिक मिसाइलों, हथियारों और सेंसर प्रणालियों सहित अत्याधुनिक क्षमताएं होंगी। इनकी मदद से नौसेना हवा, समुद्र की सतह और समुद्र के नीचे के क्षेत्रों में अभियान चला सकेगी। इन युद्धपोतों के शामिल होने से समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा, दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों के खिलाफ कार्रवाई, तटीय सुरक्षा, तटीय समुद्री अभियानों और समुद्री निगरानी की क्षमता मजबूत होगी। अनुबंध पर हस्ताक्षर के बाद श्री सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, भारत के स्वदेशी जहाज निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बहुत अच्छी खबर। भारतीय नौसेना की अगली पीढ़ी की कार्वेट परियोजना भारत के जहाज निर्माण क्षेत्र को महत्वपूर्ण प्रोत्साहन प्रदान करेगी। दिशा में एक बड़ा कदम है। साथ ही, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेक इन इंडिया के प्रति प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करती है।

श्रद्धाजंलि के साथ शुरू हुए शिविर में उत्साही रक्तदाताओं ने 411 यूनिट रक्तदान किया, आयोजकों ने किया सम्मान



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 3 नवंबर 2026। गांव बिग्गा में सोमवार को दिवंगत रेवंतराम शर्मा व वीरेंद्र सारस्वत की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में 411 यूनिट रक्तदान हुआ। सुबह दोनों दिवंगतों को श्रद्धांजलि के साथ शिविर शुरू हुआ। गांव के उत्साही युवा, महिला शक्ति सहित एक नेत्रहीन बालिका ने भी रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गांव के स्वयंसेवक युवाओं ने बढ़चढ़ कर शिविर में अपनी सेवाएं दी। वहीं बुजुर्गों ने भी श्रद्धांजलि के रूप में रक्तदान शिविर के आयोजन को मानव सेवा में अनुकरणीय पहल बताया। शिविर में पीबीएम व जन सेवा केंद्र बीकानेर की रक्त संग्रहण टीम ने अपनी सेवाएं दी। पीबीएम ट्रोमा सेंटर के प्रमुख डॉ एलके कपिल व डॉ रमेश धाभाई ने आयोजकों का आभार जताया व आयोजक मंडल ने भी टीम का सम्मान किया।





91 लाख रुपये की लागत से होंगे सड़क एवं ब्लॉक निर्माण कार्य, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया विकास कार्यों का शुभारम्भ

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने सोमवार को हरिभाऊ उपाध्याय नगर (मुख्य) स्थित सामुदायिक भवन के पास आयोजित कार्यक्रम में 91 लाख रुपये की लागत से होने वाले सड़क एवं ब्लॉक निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया। इन कार्यों के तहत बाड़ी नदी से केसर स्वीट्स होते हुए शिव रेजिडेंसी तक तथा ललित केसवानी के मकान के सामने सड़क मय ब्लॉक निर्माण करवाया जाएगा। इन कार्यों का निष्पादन सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर श्री देवनानी ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की जीवनरेखा होती हैं। बेहतर सड़कों से न केवल आवागमन सुगम एवं सुरक्षित होता है, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी आसान होती है। इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से आसपास की कॉलोनियों के निवासियों सहित क्षेत्र से गुजरने वाले लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अजमेर के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए प्रत्येक वार्ड और मोहल्ले में आवश्यकतानुसार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उनका प्रयास है कि नागरिकों को बेहतर सड़क, स्वच्छता, पेयजल सहित सभी मूलभूत सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हों। श्री देवनानी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में अब तक 100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सड़क निर्माण एवं अन्य विकास कार्य करवाए जा चुके हैं। अजमेर को सुंदर, स्वच्छ एवं बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए प्रमुख मार्गों एवं प्रवेश क्षेत्रों में सौन्दर्यीकरण, हरित विकास तथा नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर को रिंग रोड से बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने के उद्देश्य से चार प्रमुख सड़कों के विकास एवं विस्तार की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। इन परियोजनाओं से शहर के विभिन्न क्षेत्रों के बीच आवागमन और अधिक सुगम होगा। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती अनामिका शर्मा, पार्षद श्री विनोद डीडवानिया, श्री ललित केसवानी, श्री रमेश चंद सैन, श्री दीपक कांकाणी, श्री संजय सांखला, श्री शेखर उबाना सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



डबल इंजन सरकार में राजस्थान का हो रहा हाई-स्पीड विकास

जयपुर। राजस्थान में डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में केंद्र और राज्य के मजबूत समन्वय से इन्फ्रास्ट्रक्चर और मेगा प्रोजेक्ट्स का हाई स्पीड विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने न केवल कल्याणकारी योजनाओं में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी स्थान हासिल किया है, बल्कि बुनियादी ढांचे के विकास के मोर्चे पर भी अभूतपूर्व प्रगति की है। मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरों और उच्चस्तरीय बैठकों ने राजस्थान की लंबित बड़ी परियोजनाओं के तेजी से पूरा होने का मार्ग प्रशस्त किया है, जिससे राज्य में निवेश और रोजगार के नए रास्ते खुले हैं। वर्तमान में केन्द्र सरकार की ओर से चल रही लगभग 2 लाख 61 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं में से 1 लाख 22 हजार करोड़ रुपये की 29 परियोजनाओं का काम 80 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है, जबकि प्रदेश में प्रगतिरत 82 केन्द्रीय परियोजनाओं पर अब तक 1 लाख 17 हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जा चुके हैं। केन्द्र सरकार द्वारा जारी पैमाना रिपोर्ट के अनुसार बाड़मेर में देश की पहली ग्रीनफील्ड रिफाइनरी की सौगात मिलने के बाद पेट्रोकेमिकल निकासी एवं विपणन टर्मिनल का कार्य भी 99 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। जोधपुर एयरपोर्ट पर घरेलू उड़ानों के लिए नए पैसेंजर टर्मिनल भवन का 480 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण किया गया है, जबकि उदयपुर एयरपोर्ट पर नए एकीकृत यात्री टर्मिनल भवन का निर्माण भी 88 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इसी प्रकार राजस्थान में ऊर्जा, रेलवे, सड़क परिवहन और औद्योगिक गलियारों से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाओं पर काम चल रहा है। विद्युत प्रसारण और वितरण क्षेत्र में 19 प्रमुख परियोजनाओं पर 98 हजार 759 करोड़ की लागत से कार्य हो रहा है। इसमें राजस्थान रिन्यूएबल एनर्जी जोन फेज-चतुर्थ की बाड़मेर कॉम्प्लेक्स 6 गीगावाट सोलर प्रोजेक्ट और फतेहगढ़-द्वितीय ट्रांसमिशन सिस्टम जैसी विशाल परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, रेलवे सेक्टर के तहत बीकानेर-मेड़ता-जोधपुर, अजमेर-चित्तौड़गढ़-उदयपुर और सादुलपुर-रतनगढ़ रेल लाइन परियोजना सहित 22 बड़े प्रोजेक्ट्स पर 33 हजार 572 करोड़ से अधिक, राजमार्गों के 22 प्रोजेक्ट्स पर 16 हजार 241 करोड़ रुपये और शहरी सार्वजनिक परिवहन के तहत 14 हजार 222 करोड़ रुपये की लागत से कार्य प्रगति पर हैं। राज्य को मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने के लिए औद्योगिक विकास के क्षेत्र में जोधपुर-पाली-मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र जैसी परियोजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। साथ ही, माही बांसवाड़ा परमाणु विद्युत परियोजना जैसी बड़ी परियोजना की सौगात भी मिली है। जयपुर के चारों ओर यातायात के दबाव को कम करने के लिए 11 हजार 764 करोड़ रुपये की लागत से जयपुर रिंग रोड (उत्तर) परियोजना का कार्य केन्द्र सरकार के सहयोग से पूरा किया जाएगा। साथ ही, 13 हजार करोड़ रुपए से अधिक की जयपुर मेट्रो फेज-2 परियोजना का कार्य भी केन्द्र सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि दशकों से लंबित जल संबंधी बड़ी परियोजनाओं में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। राम जल सेतु लिंक परियोजना से 17 जिलों के 3 करोड़ से अधिक लोगों को पेयजल और लगभग 4 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। वहीं, यमुना, किशाऊ एवं नर्मदा जल समझौतों से राजस्थान की जल सुरक्षा बेहतर होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। डबल इंजन सरकार की इस ठोस नीति और प्रभावी क्रियान्वयन से राजस्थान न केवल बुनियादी ढांचे के मामले में आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि आने वाले वर्षों में देश के सबसे विकसित राज्यों में अपनी स्थिति और मजबूत कर रहा है।





श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स कार्यालय : फर्स्ट फ्लोर, टीएम प्लाजा, पुरानी घास मंडी, मैन मार्केट, श्रीडूंगरगढ़ सम्पादक : कपिला स्वामी 94149 17401, प्रबंधक : विशाल स्वामी 94144 17401